कार्यालय अधिष्ठाता

शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कुनकुरी–जशपुर, (छ.ग.)

(कैंप कार्यालय, राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव,
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अम्बिकापुर, सरगुजा छ.ग.)

क्रमांक / 25 /स्था. / अधि. / शा.चि.म. / 2026–27 जशपुर, दिनांक 08 / 05 / 2026

// शुद्धि–पत्र //

नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कुनकुरी-जशपुर छ.ग. हेतु स्वीकृत तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु संविदा विज्ञापन क्रमांक/20/शा.चि.म.कुनकुरी-जशपुर/स्था./2026 जशपुर, दिनांक 05/05/2026 जारी किया गया है। जिसके प्रथम पैराग्राफ में लिपिकीय त्रुटिवश आवेदन प्राप्त करने का माध्यम **"डाक के माध्यम से"** से टंकित हो गया है। तत्संबंध में विभागाध्यक्ष कार्यालय रायपुर द्वारा इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से उपलब्ध कराये गये विज्ञापन प्रारूप में "ऑनलाईन माध्यम से" दिनांक 06.05.2026 से 13.05.2026 तक आवेदन प्राप्त करना निर्देशित है।

अतः उपरोक्त विज्ञापन के अनुक्रम में "शुद्धि पत्र" जारी करते हुए निम्नानुसार त्रुटि सुधार प्रतिस्थाति किया जाता है :-

1/ विज्ञापन के प्रथम पैराग्राफ में अथवा सम्पूर्ण विज्ञापन में जहाँ कही भी आवेदन प्राप्त करने का माध्यम **"डाक के माध्यम से"** उल्लेखित हों, उसके स्थान पर **"आनलाइन माध्यम से"** प्रतिस्थापित किया जाता है।

अतः संपूर्ण विज्ञापन में जहाँ कही भी आवेदन प्राप्त करने का माध्यम **"डाक के माध्यम से"** उल्लेखित हों, उसके स्थान पर **"आनलाइन माध्यम से"** पढ़ा एवं लिखा जावे।

2/ उपरोक्त विस्तृत विज्ञापन के प्रथम पृष्ठ में उल्लेखित पदों के विवरण के ठीक नीचे निम्न विवरण अन्तः प्रतिस्थापित किया जाता है :-

(1) ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि एवं समय-दिनांक 06.05.2026 से 13.05.2026 सायं 05 बजे तक। आवेदन करने का लिंक - https://monitoringcell.cgdme.in/mpas/login

(2) प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर प्रावीण्य सूची जारी करना - दिनांक 18.05.2026।

(3) ऑनलाईन दावा आपत्ति प्राप्त कराना - दिनांक 20.05.2026 सायं 05:00 बजे तक।

(4) प्राप्त दावा-आपत्तियों का निराकरण - दिनांक 22.05.2026।

(5) मेरिट के आधार पर अर्ह अभ्यर्थियों का संस्था में दस्तावेज सत्यापन - दिनांक 25.05.2026 प्रातः 10:00 बजे से।

(6) अर्ह/चयनित अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन - दिनांक 28.05.2026।

टीप :- उपरोक्त संविदा भर्ती की समस्त कार्यवाही हेतु स्थान (नोडल संस्था) - राजमता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अंबिकापुर, सरगुजा छ.ग.।

3/ जारी विज्ञापन के नियम एवं शर्तें की कंडिका (12) में उल्लेखित - विज्ञापन/आवेदन पत्र का प्रारूप कार्यालय कलेक्टर जशपुर/शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कुनकुनरी-जशपुर एवं चिकित्सालय जशपुर के सूचना फलक पर भी देखा जा सकता है, के स्थान पर **"विज्ञापन से संबधित विस्तृत जानकारी राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अंबिकापुर, सरगुजा छ.ग. कि वेबसाइट - www.gmcambikapur.co.in का अवलोकन कर ऑनलाईन आवेदन भरा जा सकता है"**, प्रतिस्थापित किया जाता है।

अधिष्ठाता 8/5/26
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय
कुनकुरी-जशपुर, (छ.ग.)